प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 16.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **महिला आरक्षण से संबंधित तीन विधेयकों पर लोकसभा में चर्चा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–समय की मांग, देश के नीति निर्धारण का हिस्सा बनें आधी आबादी।**
- **राज्यपाल ने न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता को नियुक्त किया लोकायुक्त, सरकारी कामकाज में आएगी पारदर्शिता।**
- **उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का किया शिलान्यास, कहा–जल्द जिला बनेगा शिक्षा का हब।**
- **उत्पाद विभाग का वित्तीय वर्ष 2025–26 में चार हजार तेरह करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व, प्रशासनिक दक्षता और निगरानी से मिली उपलब्धि।**
- **राष्ट्रीय महिला रग्बी चैंपियनशिप में झारखंड का जीत से आगाज, दादर नगर हवेली और दमन–दीव को 36–00 से किया पराजित।**

****

लोकसभा में आज महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन से जुड़ा महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया। विधेयक के समर्थन में दो सौ इक्यावन सांसदों ने वोट दिया, जबकि एक सौ पचासी सांसदों ने इसका विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान इस विधेयक को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी दलों से इसे समर्थन देने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आधी आबादी को राष्ट्र निर्माण और नीति निर्धारण की प्रक्रिया में समान भागीदारी दें।

****

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में ओबीसी वर्ग के लिए उप–आरक्षण की मांग का समर्थन करने वाले राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रति आभार व्यक्त किया है। रांची में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मोर्चा के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक है, परन्तु जब तक इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण का प्रावधान नहीं होगा, तब तक सामाजिक न्याय का लक्ष्य अधूरा रहेगा।

****

गोड्डा जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखण्ड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता को लोकायुक्त नियुक्त किया है। लोकभवन की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। नये लोकायुक्त की नियुक्ति होने से सरकारी कामकाज में पारदर्शिता आएगी।

****

उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह के जरीडीह में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री कुमार ने कहा कि दो सौ अड़तीस करोड़ रुपए की लागत से इस महाविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही गिरिडीह शिक्षा का हब बनेगा।

इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

राज्य के उत्पाद विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में चार हजार तेरह करोड़ रूपये से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व संग्रह कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विभाग की इस उपलब्धि को प्रशासनिक दक्षता और सख्त निगरानी तंत्र का परिणाम बताया गया है। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता और तकनीकी सुधारों से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम, नई उत्पाद नीति और प्रभावी निगरानी से राजस्व रिसाव पर रोक लगाकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल किया गया।

****

लोहरदगा जिले में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के तहत कुपोषण दूर करने और पोषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

****

झारखंड उच्च न्यायालय में बोकारो जिले के पिंडराजोड़ा थाना क्षेत्र से लापता युवती के मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान खंडपीठ ने सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया को निर्देश दिया कि बरामद कंकाल और लापता युवती के माता–पिता का सैंपल लेकर नामकुम मिलिट्री अस्पताल के माध्यम से सीएफएसएल से अड़तालीस घंटे के अंदर जांच रिपोर्ट मंगायी जाये।

****

बोकारो पुलिस ने चास थाना क्षेत्र के एक आवासीय परिसर में छापेमारी कर चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस अधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते थे। उधर जामताड़ा जिले के करमाटांड़ थाना क्षेत्र से भी पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

****

झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक ने आज कक्षा आठवीं का परीक्षाफल जैक अध्यक्ष डॉ0 नटवा हांसदा ने परिषद कार्यालय में परिणाम जारी किया। परीक्षाफल में रांची के टॉपर जिला बनने का गौरव हासिल किया है। विद्यार्थी और संबंधित विद्यालय जैक की पोर्टल से परीक्षाफल देख सकते हैं।

****

सीनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में झारखंड महिला टीम ने जीत से आगाज किया है। बिहार के राजगीर में आज खेले गये अपने पहले मैच में दादर नगर हवेली और दमन–दीव को शून्य के मुकाबले छत्तीस प्वाईंट से पराजित किया।

******समाप्त*******